This booklet contains **80** Printed pages.
इस पुस्तिका में **80** मुद्रित पृष्ठ हैं।

# JSS-24-II

**Main Test Booklet No. / मुख्य परीक्षा पुस्तिका संख्या**

## PAPER-II / प्रश्न-पत्र-II
## MAIN TEST BOOKLET/मुख्य परीक्षा पुस्तिका

**Main Test Booklet Code / मुख्य परीक्षा पुस्तिका कोड**

**L**

**Do not open this Test Booklet until you are asked to do so.**
**इस परीक्षा पुस्तिका को तब तक न खोलें जब तक कहा न जाए।**
**Read carefully the Instructions on the Back Cover of this Test Booklet.**
**इस परीक्षा पुस्तिका के पिछले आवरण पर दिए गए निर्देशों को ध्यान से पढ़ें।**

### INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. The OMR Answer Sheet is inside this Test Booklet. When you are directed to open the Test Booklet, take out the Answer Sheet and fill in the particulars on **Side-1** and **Side-2** carefully with **blue/black** ball point pen only.
2. The test is of **2½ hours** duration and consists of **150** questions. There is no negative marking.
3. Use **Blue/Black Ball Point Pen only** for writing particulars on this page/ marking responses in the Answer Sheet.
4. The CODE for this Booklet is **L**. Make sure that the CODE printed on **Side-2** of the Answer Sheet is the same as that on this Booklet. Also ensure that your Test Booklet No. and Answer Sheet No. are the same. In case of discrepancy, the candidate should immediately report the matter to the Invigilator for replacement of both the Test Booklet and the Answer Sheet.
5. This Test Booklet has **five** Parts, I, II, III, IV and V, consisting of **150** Objective Type Questions and each carries 1 mark :

| | | |
|---|---|---|
| Part-I | : Child Development and Pedagogy | (Q.Nos. 1-30) |
| Part-II | : Mathematics and Science | (Q.Nos. 31-90) |
| Part-III | : Social Studies/Social Science | (Q.Nos. 31-90) |
| Part-IV | : Language-I (English/Hindi) | (Q.Nos. 91-120) |
| Part-V | : Language-II (English/Hindi) | (Q.Nos. 121-150) |

6. Candidates have to do questions 31 to 90 **EITHER** from Part-II (Mathematics and Science) **OR** from Part-III (Social Studies/Social Science) as filled by the candidates in their online application form.
7. Part-IV contains 30 questions for Language-I and Part-V contains 30 questions for Language-II. In this Test Booklet, only questions pertaining to English and Hindi language have been given. **In case the language/s you have opted for as Language-I and/or Language-II is a language other than English or Hindi, please ask for a Supplement (Language) Test Booklet of L Code that contains questions on that language. The languages being answered must tally with the languages opted for in your Application Form. No change in languages is allowed.**
8. **Candidates are required to attempt questions in Language-II (Part-V) in a language other than the one chosen as Language-I (Part-IV) from the list of languages.**
9. Rough work should be done only in the space provided in the Test Booklet for the same.
10. The answers are to be recorded on the OMR Answer Sheet only. Mark your responses carefully. No whitener is allowed for changing answers.
11. In case of any discrepancy in the English and Hindi versions of questions/ answers, English version will be taken as final.

### परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. OMR उत्तर पत्र इस परीक्षा पुस्तिका के अन्दर रखा है। जब आपको परीक्षा पुस्तिका खोलने को कहा जाए, तो उत्तर पत्र निकाल कर **पृष्ठ-1** एवं **पृष्ठ-2** पर ध्यान से केवल **नीले/काले** बॉल पॉइंट पेन से विवरण भरें।
2. परीक्षा की अवधि **2½ घंटे** हैं एवं परीक्षा में **150** प्रश्न हैं। कोई ऋणात्मक अंकन नहीं है।
3. इस पृष्ठ पर विवरण अंकित करने एवं उत्तर पत्र पर निशान लगाने के लिए **केवल नीले/काले बॉल पॉइंट पेन** का प्रयोग करें।
4. इस पुस्तिका का **कोड L** है। यह सुनिश्चित कर लें कि इस पुस्तिका का कोड, उत्तर पत्र के **पृष्ठ-2** पर छपे कोड से मिलता है। यह भी सुनिश्चित कर लें कि परीक्षा पुस्तिका संख्या और उत्तर पत्र संख्या मिलते हैं। अगर यह भिन्न हों तो परीक्षार्थी दूसरी परीक्षा पुस्तिका और उत्तर पत्र लेने के लिए निरीक्षक को तुरन्त अवगत कराएँ।
5. इस परीक्षा पुस्तिका में **पाँच** भाग I, II, III, IV और V हैं, जिनमें **150** वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं, तथा प्रत्येक 1 अंक का है :

| | | |
|---|---|---|
| भाग-I | : बाल विकास व शिक्षाशास्त्र | (प्रश्न सं. 1-30) |
| भाग-II | : गणित व विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-III | : सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान | (प्रश्न सं. 31-90) |
| भाग-IV | : भाषा-I (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 91-120) |
| भाग-V | : भाषा-II (अंग्रेज़ी/हिन्दी) | (प्रश्न सं. 121-150) |

6. परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 **या** तो भाग-II (गणित व विज्ञान) **या** भाग-III (सामाजिक अध्ययन/सामाजिक विज्ञान) से करने हैं। जैसा कि परीक्षार्थी ने अपने ऑनलाइन आवेदन पत्र में भरा हैं।
7. भाग-IV में भाषा-I के लिए 30 प्रश्न और भाग-V में भाषा-II के लिए 30 प्रश्न दिए गए हैं। इस परीक्षा पुस्तिका में केवल अंग्रेज़ी व हिन्दी भाषा से संबंधित प्रश्न दिए गए हैं। **यदि भाषा-I और/या भाषा-II में आपके द्वारा चुनी गई भाषा(एँ) अंग्रेज़ी या हिन्दी के अलावा है/हैं तो कृपया L कोड वाली उस भाषा वाली परिशिष्ट (भाषा) परीक्षा पुस्तिका माँग लीजिए। जिन भाषाओं के प्रश्नों के उत्तर आप दे रहे हैं वह आवेदन पत्र में चुनी गई भाषाओं से अवश्य मेल खानी चाहिए। भाषाओं का परिवर्तन अनुमन्य नहीं है।**
8. **परीक्षार्थी भाषा-II (भाग-V) के लिए, भाषा सूची से ऐसी भाषा चुनें जो उनके द्वारा भाषा-I (भाग-IV) में चुनी गई भाषा से भिन्न हो।**
9. रफ कार्य परीक्षा पुस्तिका में इस प्रयोजन के लिए दी गई खाली जगह पर ही करें।
10. सभी उत्तर केवल OMR उत्तर पत्र पर ही अंकित करें। अपने उत्तर ध्यानपूर्वक अंकित करें। उत्तर बदलने हेतु श्वेत रंजक का प्रयोग निषिद्ध है।
11. यदि अंग्रेज़ी और हिन्दी संस्करण के प्रश्नों/उत्तरों में कोई विसंगति हो तो अंग्रेज़ी संस्करण अंतिम माना जायेगा।

Name of the Candidate (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षार्थी का नाम (बड़े अक्षरों में) :

Roll Number (अनुक्रमांक) : in figures (अंकों में) ______________________
: in words (शब्दों में) ______________________

Centre of Examination (in Capital Letters) : ______________________
परीक्षा केन्द्र (बड़े अक्षरों में) :

Candidate's Signature : ______________ Invigilator's Signature : ______________
परीक्षार्थी के हस्ताक्षर : निरीक्षक के हस्ताक्षर :

Facsimile signature stamp of Centre Superintendent : ______________________

## PART - I / भाग - I

## CHILD DEVELOPMENT AND PEDAGOGY / बाल विकास व शिक्षाशास्त्र

***Direction :*** *Answer the following questions (Q. Nos.* ***1*** *to* ***30****) by selecting the* ***correct/most appropriate*** *options.*
***निर्देश :*** *निम्नलिखित प्रश्नों (प्र. संख्या* ***1*** *से* ***30****) के उत्तर देने के लिए* ***सही/सबसे*** *उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**1.** How does setting mastery goals impact a student's motivation and views of ability ?
(1) It often implies enhanced extrinsic motivation and belief in the incremental view of ability.
(2) It often implies enhanced intrinsic motivation and belief in the entity view of ability.
(3) It often implies enhanced intrinsic motivation and belief in the incremental view of ability.
(4) It often implies enhanced extrinsic motivation and belief in the entity view of ability.
महारत हासिल करने के लक्ष्य निर्धारित करने से छात्र की अभिप्रेरणा और योग्यता के बारे में विचार कैसे प्रभावित होते हैं ?
(1) यह अक्सर योग्यता के वृद्धिशील दृष्टिकोण में बढ़ी हुई बाहरी अभिप्रेरणा और विश्वास को दर्शाता है।
(2) यह अक्सर योग्यता के स्थिर दृष्टिकोण में बढ़ी हुई आंतरिक अभिप्रेरणा और विश्वास को दर्शाता है।
(3) यह अक्सर योग्यता के वृद्धिशील दृष्टिकोण में बढ़ी हुई आंतरिक अभिप्रेरणा और विश्वास को दर्शाता है।
(4) यह अक्सर योग्यता के स्थिर दृष्टिकोण में बढ़ी हुई बाहरी अभिप्रेरणा और विश्वास को दर्शाता है।

**2.** Inclusive classrooms :
(1) Aim to remove all kinds of differences among the children.
(2) Recognize that every child will learn at the same rate and at the same time.
(3) Is an educational program offered to cater to the needs of 'special children'.
(4) Are meant to offer differentiated instructions as per individual differences.
समावेशी कक्षाओं :
(1) बच्चों के बीच हर तरह की विभिन्नता को दूर करने का लक्ष्य रखती हैं।
(2) को पहचानना चाहिए कि हर बच्चा एक ही दर से और एक ही समय में सीखेगा।
(3) में 'विशेष बच्चों' की जरूरतों को पूरा करने के लिए एक अलग शैक्षिक कार्यक्रम पेश किया जाता है।
(4) अलग-अलग भिन्नताओं के अनुसार विभेदित निर्देश दिए जाते हैं।

**3.** A key commonality in Piaget and Vygotsky's theories is :
(1) The role of culture in the cognitive processes.
(2) Their views of relationship between language and thought.
(3) Focus on stage-like progression in children's development.
(4) Involvement and engagement of children in their own learning.
पियाजे और वायगोत्स्की के सिद्धांतों में एक प्रमुख समानता है :
(1) संज्ञानात्मक प्रक्रियाओं में संस्कृति की भूमिका।
(2) भाषा और विचार के बीच संबंधों के बारे में उनके चिंतन।
(3) बच्चों के विकास में चरण-जैसी प्रगति पर ध्यान।
(4) बच्चों की स्वयं की शिक्षा में संलग्नता और जुड़ाव।

4. **Assertion (A) :** During adolescence the pressures to conform to gender expectations and follow conventions of feminity or masculinity increases.

**Reason (R) :** Gender and gender roles are determined biologically.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** किशोरावस्था के दौरान जेंडर अपेक्षाओं के अनुरूप स्त्रीत्व या पुरुषत्व की परंपराओं का पालन करने के लिए दबाव बढ़ जाता है।

**कारण (R) :** जेंडर और जेंडर भूमिकाएँ जैविक रूप से निर्धारित की जाती हैं।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

5. **Assertion (A) :** In Asian cultures which stress social harmony, expressions of 'anger' are discouraged and 'shame' is encouraged.

**Reason (R) :** Emotions are subjective and do not play any role in learning.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** एशियाई संस्कृतियों में जो सामाजिक सद्भावना पर जोर देते हैं, 'क्रोध' की अभिव्यक्ति को हतोत्साहित किया जाता है और 'शर्म' को प्रोत्साहित किया जाता है।

**कारण (R) :** भावनाएँ व्यक्तिपरक हैं और सीखने में कोई भूमिका नहीं निभाती हैं।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

6. Which method did Lawrence Kohlberg used to study moral development of children ?

(1) Experimental method

(2) Quantitative research approach

(3) Posing moral dilemmas to children and analyzing responses

(4) Conducting observations of children during play

लॉरेंस कोहलबर्ग ने बच्चों के नैतिक विकास का अध्ययन करने के लिए किस विधि का प्रयोग किया ?

(1) प्रायोगिक विधि

(2) मात्रात्मक शोध कार्य विधि

(3) बच्चों के सामने नैतिक दुविधाएँ रखना और अनुक्रियाओं की समालोचना करना

(4) खेल के दौरान बच्चों का अवलोकन करना

7. According to Lev Vygotsky what is the relationship between language and thought ?

(1) Language and thought are complex interrelated processes of development

(2) Language does not shape thought

(3) Thought shapes language

(4) Language and thought are independent of each other

लेव वायगोत्स्की के अनुसार भाषा और विचार के बीच क्या संबंध है ?

(1) भाषा और विचार विकास की जटिल विनिमेय प्रक्रियाएँ हैं।

(2) भाषा विचार को आकार नहीं देती है।

(3) विचार भाषा को आकार देते हैं।

(4) भाषा और विचार एक दूसरे से स्वतंत्र हैं।

8. Change and stability in emotions, personality and social relationships together constitute :

(1) Cognitive development (2) Personality development

(3) Emotional development (4) Psychosocial development

भावनाओं, व्यक्तित्व और सामाजिक संबंधों में परिवर्तन और स्थिरता किस विकास में शामिल हैं ?

(1) संज्ञानात्मक विकास (2) व्यक्तित्व विकास

(3) भावनात्मक विकास (4) मनोसामाजिक विकास

9. **Assertion (A) :** Teachers should give lot of opportunities to children for experimentation and discuss examples and non-examples.

**Reason (R) :** A constructive way of dealing with misconceptions in children is to provide counter examples.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को बच्चों को प्रयोग के लिए बहुत सारे अवसर देने चाहिए और उदाहरणों और गैर-उदाहरणों पर चर्चा करनी चाहिए।

**कारण (R) :** बच्चों में गलत धारणाओं से निपटने का एक रचनात्मक तरीका विपरीत उदाहरण प्रदान करना है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

10. Students struggling with dyslexia can be taught to read :

(1) Through association method of conditioning.

(2) Through systematic phonological training.

(3) By providing higher grade level reading texts.

(4) By giving long and complex passages.

पठन वैकल्य से जूझ रहे छात्रों को पढ़ना सिखाया जा सकता है :

(1) अनुकूलन की अनुबंधन विधि के माध्यम से।

(2) व्यवस्थित ध्वन्यात्मक प्रशिक्षण के माध्यम से।

(3) उच्च ग्रेड स्तर के पठन ग्रंथ प्रदान करके।

(4) लंबे और जटिल गद्यांश देकर।

11. A teacher asks herself - "How can I provide experiences that require students to classify different types of objects in the environment and analyse their classification schemes ?" Which intelligence is she trying to promote in students ?

(1) Bodily- Kinesthetics Intelligence (2) Linguistic Intelligence

(3) Inter-personal Intelligence (4) Naturalistic Intelligence

एक शिक्षिका खुद से पूछती है - ''मैं ऐसे अनुभव कैसे प्रदान कर सकती हूँ जिसमें छात्रों को पर्यावरण में विभिन्न प्रकार की वस्तुओं को वर्गीकृत करने और उनकी वर्गीकरण के स्कीमों का विश्लेषण करने की आवश्यकता हो ?'' वह छात्रों में किस बुद्धिमत्ता को बढ़ावा देने की कोशिश कर रही है ?

(1) शारीरिक-गतिसंवेदी बुद्धिमत्ता (2) भाषाई बुद्धिमत्ता

(3) अंतर्वैयक्तिक बुद्धिमत्ता (4) प्राकृतिक बुद्धिमत्ता

12. Which of the following is a correctly matched pair ?

(1) Summative assessment : involves paper - pencil tests as well as detailed accounts of non-written behaviours

(2) Criterion - referenced assessment : includes mastery of specific topics

(3) Norm - references assessment : compares performance to that of peers

(4) Formative assessment : determining what the students can do before and after the class

निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित युग्म है ?

(1) योगात्मक मूल्यांकन : इनमें पेपर-पेंसिल परीक्षण के साथ-साथ गैर-लिखित व्यवहारों के विस्तृत विवरण शामिल हैं

(2) मानदंड-संदर्भित मूल्यांकन : विशिष्ट विषयों की महारत शामिल है

(3) मानक-संदर्भित मूल्यांकन : साथियों के प्रदर्शन की तुलना करता है

(4) रचनात्मक मूल्यांकन : यह निर्धारित करना कि छात्र कक्षा से पहले और बाद में क्या कर सकते हैं

13. Which of the following hinders the participation of students with visual impairment in classroom ?

(1) tactile models of graphic materials

(2) electronically formatted lecture transcriptions

(3) printed textbooks and notes

(4) raised-line drawings and maps

निम्नलिखित में से क्या दृष्टिबाधित विद्यार्थियों को कक्षा में भागीदारी लेने में बाधा डालता है ?

(1) ग्राफिक सामग्री के स्पर्शनीय तरीके

(2) इलेक्ट्रॉनिक रूप से प्रारूपित व्याख्यान प्रतिलेखन

(3) मुद्रित पाठ्यपुस्तकें और नोट्स

(4) उभरी हुई रेखा चित्र और मानचित्र

14. Which of the following question promotes analytical thinking ?

(1) What are the various causes of increase of population in India ?

(2) The capital city of India is __________

(3) How many States are there in India ?

(4) What is the total population of India ?

निम्न में से कौन सा प्रश्न विश्लेषणात्मक चिंतन को बढ़ावा देता है ?

(1) भारत में जनसंख्या वृद्धि के विभिन्न कारण क्या हैं ?

(2) भारत की राजधानी __________ है ।

(3) भारत में कितने राज्य हैं ?

(4) भारत की कुल जनसंख्या कितनी है ?

15. Sensitive periods are those time periods during which certain __________ are especially important for course of 'normal' development.

(1) hereditary factors
(2) genetic predispositions
(3) ethnic factors
(4) environmental factors

संवेदनशील अवधि वह समय अवधि होती है जिसके दौरान कुछ __________विशेष रूप से 'सामान्य' विकास के लिए महत्वपूर्ण होती हैं।

(1) वंशानुगत कारक
(2) उत्पत्तिमूलक कारक
(3) मानवजाति कारक
(4) पर्यावरणीय कारक

16. **Assertion (A) :** Teachers should respect the individual differences among learners and adapt their teaching to cater to needs of all students.

**Reason (R) :** Collaborations, group works and interactions among students should be avoided while teaching a class of diverse learners.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.
(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.
(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.
(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को शिक्षार्थियों के बीच व्यक्तिगत भिन्नताओं का सम्मान करना चाहिए और सभी शिक्षार्थियों की आवश्यकताओं के अनुसार अपने शिक्षण को समायोजित करना चाहिए।

**कारण (R) :** शिक्षकों को विविध पृष्ठभूमि के शिक्षार्थियों को पढ़ाते समय, उनके बीच सहयोग, समूह कार्य और बातचीत से बचना चाहिए।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।
(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।
(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।
(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

17. According to Jean Piaget how are children different from adults ?

(1) Children's thinking is quantitatively different from that of adults.

(2) Children are dependent on adults while adults are independent.

(3) Adults are much more knowledgeable than children.

(4) Children's thinking is qualitatively different from that of adults.

जीन पियाजे के अनुसार बच्चे वयस्कों से किस प्रकार भिन्न हैं?

(1) बच्चों की सोच मात्रात्मक रूप से वयस्कों से भिन्न होती है।

(2) बच्चे वयस्कों पर निर्भर होते हैं जबकि वयस्क स्वतंत्र होते हैं।

(3) बच्चों की तुलना में वयस्क बहुत अधिक ज्ञानी होते हैं।

(4) बच्चों की सोच वयस्कों से गुणात्मक रूप से भिन्न होती है।

18. **Assertion (A) :** Schools should function within frameworks which assess the finished product and learning outcomes.

**Reason (R) :** Learning is tightly sequential and hierarchical.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** स्कूलों को उस ढाँचे के भीतर कार्य करना चाहिए जो तैयार उत्पाद और सीखने के परिणामों का आकलन करते हैं।

**कारण (R) :** सीखना पक्के तौर पर आनुक्रमिक और पदानुक्रमित है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

**19.** Which of the following statement is correct about 'Autism' ?

(1) Autism can be cured and improves with age.

(2) All autistic people have at least one exceptional skill.

(3) Autism is a neuro-developmental disorder.

(4) Autism is caused solely by environmental factors.

निम्नलिखित में से कौन-सा कथन 'स्वलीनता' के संदर्भ में सही है?

(1) स्वलीनता का इलाज किया जा सकता है; उम्र के साथ इसमें सुधार आता है।

(2) स्वलीनता वाले सभी लोगों में कम-से-कम एक विशेष कौशल होता है।

(3) स्वलीनता एक तंत्रिकीय विकासात्मक विकार है।

(4) स्वलीनता केवल वातावरणीय कारकों के कारण होता है।

**20.** Constructivist teaching leads to __________ learning by students.

(1) receptive (2) discovery (3) meaningless (4) rote

रचनावादी शिक्षण विद्यार्थियों को __________ अधिगम की ओर ले जाता है।

(1) ग्रहणशील (2) खोज-आधारित (3) अर्थहीन (4) यंत्रवत्

**21.** Jean Piaget's theory of cognitive development implicates that :

(1) Focus of teaching should be the outcome of the activity instead of the process of thinking.

(2) Behaviour should be conditioned using rewards and punishments.

(3) Concepts should be taught in a sequence of complex to simple.

(4) Curriculum should be designed keeping children's age-group and stage in mind.

जीन पियाजे के संज्ञानात्मक विकास का सिद्धांत यह बताता है कि :

(1) शिक्षण का बल गतिविधि के परिणाम पर होना चाहिए न कि सोचने की प्रक्रिया पर।

(2) व्यवहार को दंड और पुरस्कारों के माध्यम से अनुकूलित किया जाना चाहिए।

(3) अवधारणाओं को जटिल से सरल के क्रम में सिखाया जाना चाहिए।

(4) पाठ्यक्रम को बच्चों के आयु-समूह व चरण को ध्यान में रखकर तैयार किया जाना चाहिए।

**22.** In progressive education children are perceived as :
(1) Vulnerable and in need of protection
(2) Innocent and dependent
(3) Compliant and capable of only consuming knowledge
(4) Knowledgeable and meaning-makers

प्रगतिशील शिक्षा में बच्चों को किस तरह देखा जाता है ?
(1) कमजोर और सुरक्षा की जरूरत में
(2) मासूम और आश्रित
(3) आज्ञाकारी और केवल ज्ञान का उपभोग करने में सक्षम
(4) ज्ञानवर्धक और अर्थ की रचना करने वाले

**23.** Rama is a teacher who is implementing Vygotsky's theory in her classroom and she assigns her students to work in groups to complete a challenging task. During the task, one student struggles to understand a key concept. What would be the most effective way for Rama to help this student ?
(1) Work through the problem with the student and providing guidance and feedback as needed while involving other group members.
(2) Provide the student with the answer to the problem so the group can move on.
(3) Encourage the student to try to solve the problem on her own.
(4) Assign a different task to the student that is better suited to her abilities.

रमा एक शिक्षिका है जो वायगोत्स्की के सिद्धांत को अपनी कक्षा में लागू कर रही है और वह एक चुनौतीपूर्ण कार्य को पूरा करने के लिए अपने छात्रों को समूहों में काम करने के लिए नियुक्त करती है। कार्य के दौरान, एक छात्र एक महत्वपूर्ण संकल्पना को समझने के लिए संघर्ष करता है। रमा के लिए इस छात्र की मदद करने का सबसे प्रभावी तरीका क्या होगा ?
(1) छात्र के साथ समस्या पर काम करें और समूह के अन्य सदस्यों को शामिल करते हुए आवश्यकतानुसार मार्गदर्शन और प्रतिपुष्टि प्रदान करें।
(2) छात्र को समस्या का उत्तर प्रदान करें ताकि समूह आगे बढ़ सके।
(3) छात्र को समस्या को स्वयं हल करने का प्रयास करने के लिए प्रोत्साहित करें।
(4) छात्र को एक अलग कार्य सौंपें जो उसकी योग्यताओं के अनुकूल हो।

**24.** Which learning strategy involves children teaching others what they have learned ?
(1) Reciprocal teaching (2) Conditioned learning
(3) Rote learning (4) Expository teaching

किस अधिगम की रणनीति में बच्चों द्वारा दूसरों को सिखाना शामिल है जो उन्होंने सीखा है ?
(1) पारस्परिक शिक्षण (2) अनुबंधन अधिगम
(3) रटकर सीखना (4) व्याख्यात्मक शिक्षण

**25.** Which of the following correctly describes 'culturally responsive teaching' to cater to diverse groups of students ?
(i) Intentional (ii) Adaptive (iii) Differentiated (iv) Standardized
(1) (i), (ii), (iii), (iv) (2) (i), (iv) (3) (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii)

छात्रों के विविध समूहों को पूरा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन 'सांस्कृतिक रूप से उत्तरदायी शिक्षण' का सही वर्णन करता है ?
(i) सुविचारित (ii) अनुकूलित (iii) विभेदित (iv) मानकीकृत
(1) (i), (ii), (iii), (iv) (2) (i), (iv) (3) (ii), (iii) (4) (i), (ii), (iii)

**26.** In order to develop critical thinking among students a teacher should :

(1) avoid questions which need inference and analysis.

(2) ask only those questions which carry single answers.

(3) discourage the students from asking doubts and questions.

(4) give questions that involve inferences and explanations.

विद्यार्थियों में समालोचनात्मक चिंतन को विकसित करने के लिए, एक शिक्षक को :

(1) ऐसे सवालों से बचना चाहिए जिनमें विवेचन और विश्लेषण की आवश्यकता होती है।

(2) केवल ऐसे ही सवाल पूछने चाहिए जिनका एक ही उत्तर हो।

(3) विद्यार्थियों को उनके संदेह और सवाल पूछने के लिए हतोत्साहित करना चाहिए।

(4) ऐसे सवाल देने चाहिए जिनमें निष्कर्ष और व्याख्याएँ शामिल होते हैं।

**27.** You are a teacher who wants to help your students develop metacognitive skills. Which of the following strategies is most likely to foster this type of thinking ?

(1) Assigning homework that requires memorization and recall.

(2) Giving students marks instead of qualitative feedback on their performance.

(3) Encouraging students to reflect on their own learning and thinking processes.

(4) Providing students with summarised notes for assignments.

आप एक शिक्षक हैं जो अपने छात्रों को परासंज्ञानात्मक कौशल विकसित करने में मदद करना चाहते हैं। निम्नलिखित में से कौन सी रणनीति इस प्रकार के चिंतन को बढ़ावा देने की सबसे अधिक संभावना है ?

(1) गृहकार्य सौंपना जिसके लिए याद रखने और याद करने की आवश्यकता होती है।

(2) छात्रों को उनके प्रदर्शन पर गुणात्मक प्रतिपुष्टि के बजाय अंक देना।

(3) छात्रों को अपने स्वयं के सीखने और सोचने की प्रक्रिया पर विचार करने के लिए प्रोत्साहित करना।

(4) विद्यार्थियों को सत्रीय कार्य के लिए सारांशित नोट्स प्रदान करना।

**28.** Feedback to the students in a classroom is most effective when :

(1) It centres around tests and exams at the end of the year.

(2) It assigns comparative ranks to the students.

(3) It occurs during as well as after the learning activity.

(4) It focuses on what the child cannot do rather than what they can do.

छात्रों के लिए कक्षा में प्रतिक्रिया सबसे अधिक प्रभावी होती है जब–

(1) यह वर्ष के अंत में परीक्षण और परीक्षा पर केंद्रित है।

(2) यह छात्रों को तुलनात्मक श्रेणी प्रदान करता है।

(3) यह सीखने की गतिविधि के दौरान और पश्चात भी होता है।

(4) यह इस बात पर ध्यान केंद्रित करता है कि बच्चा क्या नहीं कर सकता बजाय इसके कि वह क्या कर सकता है।

29. **Assertion (A) :** Teachers should encourage debates, discussions and collaborations among students.

**Reason (R) :** Knowledge production is an inactive process and engagement in group activities hinders meaningful learning.

Choose the **correct** option.

(1) Both **(A)** and **(R)** are false.

(2) Both **(A)** and **(R)** are true and **(R)** is the correct explanation of **(A)**.

(3) Both **(A)** and **(R)** are true but **(R)** is not the correct explanation of **(A)**.

(4) **(A)** is true but **(R)** is false.

**अभिकथन (A) :** शिक्षकों को विद्यार्थियों के बीच बहस, चर्चा और सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहिए।

**कारण (R) :** ज्ञान उत्पादन एक निष्क्रिय प्रक्रिया है और सामूहिक गतिविधियों में संलग्नता अर्थपूर्ण अधिगम में बाधा डालता है।

**सही** विकल्प चुनें।

(1) **(A)** और **(R)** दोनों गलत हैं।

(2) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं और **(A)** की **(R)** सही व्याख्या करता है।

(3) **(A)** और **(R)** दोनों सही हैं लेकिन **(A)** की **(R)** सही व्याख्या नहीं करता है।

(4) **(A)** सही है लेकिन **(R)** गलत है।

30. Sunita, a 12 year old girl, shows exceptional musical ability. Both her parents are accomplished singers, and they send her for classes for voice training after school. Her capabilities are most likely to be the result of an interaction between :

(1) gender identity and genetic make-up
(2) growth and maturation
(3) nutrition and discipline
(4) heredity and environment

सुनीता, एक 12 वर्षीय लड़की, विशेष संगीतीय क्षमता रखती है। उसके माता-पिता, दोनों ही निपुण गायक हैं, और वे सुनीता को अपनी आवाज़ को और बेहतर करने के लिए प्रशिक्षण कक्षा में भेज रहे हैं। सुनीता की यह क्षमता संभावित रूप से किन कारकों के अंत:क्रिया का परिणाम है?

(1) लैंगिक पहचान और आनुवंशिक संरचना
(2) वृद्धि और परिपक्वता
(3) पोषण और अनुशासन
(4) आनुवंशिकता और वातावरण

**IMPORTANT / महत्त्वपूर्ण**

***Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science).***

***परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II ( गणित व विज्ञान ) या भाग - III ( सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान ) से करने हैं।***

## PART - II / भाग - II

## MATHEMATICS AND SCIENCE / गणित व विज्ञान

***Direction :** Answer the following questions by selecting the **correct/most appropriate** options.*

***निर्देश :** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर देने के लिए **सही/सबसे** उपयुक्त विकल्प चुनिए।*

**31.** Marks obtained by some students of a class are 36, 37, 31, 42, 23, 38, 17, 18, 35, 25, 29 and 35. The difference of the mean and the range of the data is :

(1) 6.0 (2) 4.5 (3) 5.0 (4) 5.5

किसी कक्षा के कुछ विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त अंक 36, 37, 31, 42, 23, 38, 17, 18, 35, 25, 29 और 35 हैं। इन आँकड़ों के माध्य और परिसर का अंतर है :

(1) 6.0 (2) 4.5 (3) 5.0 (4) 5.5

**32.** If $x$ is the least number which must be added to 955 to make it a perfect square, then value of $3x+2$ is equal to :

(1) 5 (2) 20 (3) 14 (4) 11

यदि 955 में जोड़ी जाने वाली $x$ ऐसी न्यूनतम संख्या है, जो उसे एक पूर्ण वर्ग बना देती है, तो $3x+2$ का मान बराबर है :

(1) 5 (2) 20 (3) 14 (4) 11

**33.** The domain of learning that deals with attitudes and values is known as :

(1) Psychomotor domain (2) Knowledge domain

(3) Cognitive domain (4) Affective domain

अधिगम का वह क्षेत्र जो कि व्यवहार एवं मूल्यों के साथ संबंधित है उसे __________ के रूप में जाना जाता है।

(1) मनो–गत्यात्मक क्षेत्र (2) ज्ञान क्षेत्र

(3) संज्ञानात्मक क्षेत्र (4) भावात्मक क्षेत्र

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

34. How many natural numbers between 1 and 500 are divisible by each of the numbers 3, 5 and 7 ?

(1) 6 (2) 3 (3) 4 (4) 5

1 और 500 के बीच ऐसी कितनी प्राकृत संख्याएँ हैं, जो संख्याओं 3, 5 और 7 में से प्रत्येक से विभाज्य हैं ?

(1) 6 (2) 3 (3) 4 (4) 5

35. $\dfrac{(a-b+c)^2-(a-b-c)^2}{b-a}$ is equal to :

(1) 2c (2) b − c (3) c − a (4) − 4c

$\dfrac{(a-b+c)^2-(a-b-c)^2}{b-a}$ बराबर है :

(1) 2c (2) b − c (3) c − a (4) − 4c

36. M is a point on side AB of a triangle ABC such that AM = BM = CM. If angles A and B are respectively $x$ and 70°, then the value of $(3x+25°)$ is equal to :

(1) 115° (2) 70° (3) 85° (4) 100°

किसी त्रिभुज ABC की भुजा AB पर M एक बिंदु इस प्रकार स्थित है कि AM = BM = CM है। यदि कोण A और B क्रमश: $x$ और 70° हैं, तो $(3x+25°)$ का मान बराबर है :

(1) 115° (2) 70° (3) 85° (4) 100°

37. The number of faces (F), edges (E) and vertices (V) of a polyhedron are 7, 15 and $x$, respectively. Then, the value of $(2F+3E-4x)$ is :

(1) 17 (2) 20 (3) 19 (4) 18

किसी बहुफलकी के फलकों (F), किनारों (E) और शीर्षों (V) की संख्याएँ क्रमश: 7, 15 और $x$ हैं। तब, $(2F+3E-4x)$ का मान है :

(1) 17 (2) 20 (3) 19 (4) 18

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**38.** Which of the following is NOT an indicator of creativity in Mathematics ?

(1) Students can pose questions.

(2) Students use convergent thinking in different contexts.

(3) Students are able to think flexibly.

(4) Students use multiple and alternate problem solving strategies.

निम्नलिखित में से क्या गणित में रचनात्मकता का संकेतक **नहीं** है ?

(1) विद्यार्थी प्रश्न प्रस्तुत कर सकते हैं।

(2) विद्यार्थी विभिन्न संदर्भों में अभिसारी चिंतन का उपयोग करते है।

(3) विद्यार्थी लचीली सोच में सक्षम हैं।

(4) विद्यार्थी विविध और वैकल्पिक समस्या समाधान की कार्यनीतियों का उपयोग करते हैं।

**39.** If $(2x+5y)^2-5(2x+5y)-14=(2x+5y+p)(2x+5y+q)$, then the value of $(p+q)$ is :

(1) $-5$ (2) 7 (3) $-14$ (4) 9

यदि $(2x+5y)^2-5(2x+5y)-14=(2x+5y+p)(2x+5y+q)$ है, तो $(p+q)$ का मान है :

(1) $-5$ (2) 7 (3) $-14$ (4) 9

**40.** Two parallel lines are intersected by a transversal and the two interior angles so formed on the same side of the transversal are $(2x+15°)$ and $(3x-20°)$. Then, the value of $(4x+6°)$ is :

(1) 146° (2) 154° (3) 150° (4) 148°

एक तिर्यक रेखा दो समांतर रेखाओं को प्रतिच्छेद करती है तथा इस प्रकार तिर्यक रेखा के एक ही ओर बने दो अंत:कोण $(2x+15°)$ और $(3x-20°)$ हैं। तब, $(4x+6°)$ का मान है :

(1) 146° (2) 154° (3) 150° (4) 148°

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**41.** The sum of the largest and smallest fractions among $\frac{6}{7}$, $2\frac{3}{5}$, $\frac{3}{8}$ and $2\frac{8}{15}$ is :

(1) $2\frac{39}{40}$ (2) $2\frac{9}{35}$ (3) $2\frac{37}{40}$ (4) $2\frac{7}{35}$

भिन्नों $\frac{6}{7}$, $2\frac{3}{5}$, $\frac{3}{8}$ और $2\frac{8}{15}$ में सबसे बड़ी और सबसे छोटी भिन्नों का योग है :

(1) $2\frac{39}{40}$ (2) $2\frac{9}{35}$ (3) $2\frac{37}{40}$ (4) $2\frac{7}{35}$

**42.** PQRS is a parallelogram whose diagonals PR and QS intersect at a point O such that OP $=(x+7)$ cm, OQ $=(x+y)$ cm, OR $=20$ cm and OS $=16$ cm. Then, value of $(7y+5)$ (in cm) is :

(1) 28 (2) 21 (3) 23 (4) 26

PQRS एक समांतर चतुर्भुज है, जिसके विकर्ण PR और QS परस्पर बिंदु O पर प्रतिच्छेद करते हैं। यदि OP $=(x+7)$ cm, OQ $=(x+y)$ cm, OR $=20$ cm तथा OS $=16$ cm है, तो $(7y+5)$ का (cm में) मान है :

(1) 28 (2) 21 (3) 23 (4) 26

**43.** Arun is three years older than Varun. Eight years ago, $\frac{5}{6}$th of Arun's age exceeded $\frac{3}{5}$th of Varun's age by 6 years. If the present age of Varun is $x$ years, then the value of $x$ can be determined by solving the equation :

(1) $\frac{3}{5}(x+3)-\frac{5}{6}(x-8)=6$ (2) $\frac{5}{6}(x-5)-\frac{3}{5}(x-8)=6$

(3) $\frac{5}{6}(x-8)-\frac{3}{5}(x-5)=6$ (4) $\frac{3}{5}(x+5)-\frac{5}{6}(x-8)=6$

अरुण, वरुण से तीन वर्ष बड़ा है। आठ वर्ष पहले, अरुण की आयु का $\frac{5}{6}$ वाँ, वरुण की आयु के $\frac{3}{5}$ वाँ से 6 वर्ष अधिक था। यदि वरुण की वर्तमान आयु $x$ वर्ष है, तब $x$ का मान निम्न समीकरण को हल करने से प्राप्त हो सकता है :

(1) $\frac{3}{5}(x+3)-\frac{5}{6}(x-8)=6$ (2) $\frac{5}{6}(x-5)-\frac{3}{5}(x-8)=6$

(3) $\frac{5}{6}(x-8)-\frac{3}{5}(x-5)=6$ (4) $\frac{3}{5}(x+5)-\frac{5}{6}(x-8)=6$

---

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**44.** At upper primary stage, as per NCERT, which of the following topics have NOT been included under number system ?

(1) Square roots and cube roots
(2) Complex Numbers
(3) Fractions
(4) Exponents and Powers

NCERT के अनुसार, उच्च प्राथमिक स्तर पर, संख्या प्रणाली के अंतर्गत, निम्नलिखित में से कौन-से प्रकरण सम्मिलित **नहीं** किए गए हैं ?

(1) वर्गमूल और घनमूल
(2) सम्मिश्र संख्याएँ
(3) भिन्न
(4) घातांक और घात

**45.** Which of the following statement is least appropriate regarding the proofs in mathematics ?

(1) Proofs are built on intuitive knowledge and not reasoning.

(2) It explains why a particular mathematical result must be true.

(3) It helps to reveal the connections and provide insights into the underlying structure of mathematics.

(4) It can help the students to validate their own reasoning.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन गणित में उपपत्तियों के संबंध में सबसे कम उपयुक्त है ?

(1) उपपत्तियों का निर्माण अंतर्दर्शीय ज्ञान पर होता है ना कि तर्क पर।

(2) यह व्याख्या करता है कि एक विशेष गणितीय परिणाम सत्य क्यों होना चाहिए।

(3) यह संबंधों को उजागर करने में मदद करता है और गणित की अंतर्निहित संरचना में अंतर्दृष्टि प्रदान करता है।

(4) यह विद्यार्थियों को अपने स्वयं के तर्क को मान्य करने में मदद कर सकता है।

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

46. Which of the following is NOT true ?

(1) The value of the variable in an equation which satisfy the equation is called a solution of the equation

(2) $3+4\times5$ is not a mathematical expression

(3) Operations of multiplication can be done on mathematical expressions

(4) The expression $(x^2+10x+25)$ cannot be simplified further

निम्नलिखित में से कौन सा सत्य **नहीं** है ?

(1) समीकरण में चर का वह मान जो समीकरण को संतुष्ट करता है, समीकरण का हल कहलाता है

(2) $3+4\times5$ एक गणितीय व्यंजक नहीं है

(3) गुणन की संक्रियाएँ गणितीय व्यंजकों पर की जा सकती हैं

(4) व्यंजक $(x^2+10x+25)$ को और अधिक सरल नहीं किया जा सकता है

47. Area of a right triangle is 240 $cm^2$. If its one side other than the hypotenuse is 30 cm, then perimeter (in cm) of the triangle is :

(1) 100 (2) 80 (3) 84 (4) 92

किसी समकोण त्रिभुज का क्षेत्रफल 240 $cm^2$ है। यदि कर्ण के अतिरिक्त उसकी एक भुजा 30 cm है, तो उस त्रिभुज का परिमाप (cm में) है :

(1) 100 (2) 80 (3) 84 (4) 92

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

48. The height and base radius of a right circular cylinder are 9 cm and 6 cm respectively. If the base radius becomes half and height increases by 3 cm, then which of the following describes the new volume of the cylinder ?

(1) The new volume will be one-third the original volume.

(2) The new volume will be twice the original volume.

(3) The new volume will be half the original volume.

(4) The new volume will be thrice the original volume.

किसी लंब वृत्तीय बेलन की ऊँचाई और आधार त्रिज्या क्रमश: 9 cm और 6 cm हैं। यदि आधार त्रिज्या आधी कर दी जाए तथा ऊँचाई में 3 cm की वृद्धि कर दी जाए, तो निम्न में से कौन-सा इस बेलन के नए आयतन की व्याख्या करता है?

(1) नया आयतन मूल आयतन का एक-तिहाई हो जाएगा।

(2) नया आयतन मूल आयतन का दुगुना हो जाएगा।

(3) नया आयतन मूल आयतन का आधा हो जाएगा।

(4) नया आयतन मूल आयतन का तिगुना हो जाएगा।

49. D is a point on side AB of a $\Delta ABC$ such that CD is the bisector of $\angle ACB$. If $\angle A = 50°$ and $\angle B = 70°$, then $\angle ADC$ is equal to :

(1) 100° (2) 30° (3) 50° (4) 70°

किसी त्रिभुज ABC की भुजा AB पर स्थित D एक बिंदु इस प्रकार है कि CD, कोण ACB का समद्विभाजक है। यदि $\angle A = 50°$ और $\angle B = 70°$ है, तो $\angle ADC$ बराबर है :

(1) 100° (2) 30° (3) 50° (4) 70°

50. Perimeter of a quadrilateral ABCD is 120 cm. If BC = 48 cm, CD = 17 cm, AD = 40 cm and $\angle A = \angle B = 90°$, then area of quadrilateral ABCD (in $cm^2$) is :

(1) 750 (2) 660 (3) 690 (4) 720

किसी चतुर्भुज ABCD का परिमाप 120 cm है। यदि BC = 48 cm, CD = 17 cm, AD = 40 cm तथा $\angle A = \angle B = 90°$ है, तो चतुर्भुज ABCD का क्षेत्रफल ($cm^2$ में) है :

(1) 750 (2) 660 (3) 690 (4) 720

SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह

51. In a pie chart, the marks obtained by a student in Mathematics, Science, Social Science, Hindi and English are respectively represented by sectors of central angles 90°, 80°, 65°, 75° and 50°. If the total marks obtained by the students were 540, then what is the difference of the marks obtained by him/her in Mathematics and English ?

(1) 30 (2) 60 (3) 50 (4) 40

एक पाई चार्ट में, किसी विद्यार्थी द्वारा गणित, विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, हिन्दी और अंग्रेजी में प्राप्त अंकों को क्रमशः 90°, 80°, 65°, 75° और 50° के केन्द्रीय कोणों वाले त्रिज्य खंडों द्वारा निरूपित किया है। यदि उस विद्यार्थी द्वारा प्राप्त कुल अंक 540 थे, तो उसके द्वारा गणित और अंग्रेजी में प्राप्त अंकों का अंतर क्या है ?

(1) 30 (2) 60 (3) 50 (4) 40

52. Which of the following statement is NOT correct with respect to Rubrics as a tool of assessment ?

(1) Rubrics make evaluation more subjective.
(2) Rubrics has a fixed scale.
(3) Rubrics has a list of characteristics describing performance for each point on the scale.
(4) Rubrics consist of a clear performance target for students.

निम्नलिखित में से कौन सा कथन आकलन के एक साधन के रूप में रूब्रिक के लिए सत्य **नहीं** है ?

(1) रूब्रिक मूल्यांकन को अधिक व्यक्तिपरक बनाता है।
(2) रूब्रिक का एक निश्चित पैमाना होता है।
(3) रूब्रिक के पैमाने पर प्रत्येक बिन्दू पर प्रदर्शन का वर्णन करने वाली विशेषताओं की सूची होती है।
(4) रूब्रिक में विद्यार्थियों के लिए एक स्पष्ट प्रदर्शन लक्ष्य होता है।

53. A sum invested at 10% p.a. for 2 years becomes ₹ 3,267, when the interest is compounded annually. What will be the simple interest on the same sum at the same rate in $2\frac{1}{2}$ years ?

(1) ₹ 700 (2) ₹ 625 (3) ₹ 650 (4) ₹ 675

10% वार्षिक दर पर निवेश की गई एक धनराशि 2 वर्ष में ₹ 3,267 हो जाती है, जब ब्याज वार्षिक संयोजित होता है। उसी राशि पर उसी दर से $2\frac{1}{2}$ वर्ष में कितना साधारण ब्याज होगा ?

(1) ₹ 700 (2) ₹ 625 (3) ₹ 650 (4) ₹ 675

**SPACE FOR ROUGH WORK / रफ कार्य के लिए जगह**

**54.** A trader buys 12 fans for ₹ 24,000. He marks each fan at 25% above the cost price. If he sells all fans by giving 10% discount on the marked price, then his overall profit (in ₹) is :

(1) 3500 (2) 2700 (3) 3000 (4) 3200

